>

Title: Need to include Rajasthani language in the Eighth Schedule to the Constitution.

**श्री गोपाल सिंह शेखावत (राजसमंद) :** राजस्थान के 6 करोड़ लोगों की एक मातृ भाषा राजस्थानी है जिसको संविधान की आठवीं सूची में स्थान प्राप्त नहीं है ।

राजस्थानी भाषा के मान्यता हेतु राजस्थान विधानसभा भी संकल्प प्रस्ताव कर चुकी है । अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि राजस्थानी भाषा को संविधन की आठवीं अनुसूची में स्थान प्रदान कर भाषागत मान्यता प्रदान करने की कृपा करें ।